# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 23.11.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 23.11.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

(3). आज दिनाँक-23.11.2024 को पुलिस बलों के अप्रतिम शौर्य एवं अटूट कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक ‘‘पुलिस झण्डा दिवस’’ के अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन चित्रकूट में ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी गयी। बाद ध्वजारोहण शांति स्थापना हेतु सतत सक्रिय चित्रकूट पुलिस के समस्त अधि0/जवानों को पुलिस झण्डा दिवस की अनन्त शुभकामनाएं देते हुये श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय के संदेश को पढ़कर सुनाया गया।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइंस श्री राजेश द्विवेदी,क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु श्री फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स श्री शिवनारायण,प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना श्री श्रीप्रकाश यादव,प्रभारी यातायात श्री शैलेन्द्र सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(4). आज दिनाँक-23.11.2024 को पुलिस बलों के अप्रतिम शौर्य एवं अटूट कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक ‘‘पुलिस झण्डा दिवस’’ के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी गयी और क्षेत्राधिकारी क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद द्वारा थाना मानिकपुर में ध्वजारोहण किया गया । इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी में ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी गयी। बाद ध्वजारोहण अपने अधीनस्थ नियुक्त अधि0/कर्मचारीगणों को श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय के संदेश को पढ़कर सुनाया गया।

(5). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में थाना भरतकूप पुलिस टीम द्वारा ग्राम कोलौहा में हुई हत्या के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

सर्वेश यादव पुत्र रामनरेश यादव निवासी ग्राम खेरिया थाना फतेहगंज जनपद बांदा

गिरफ्तारी का स्थान व समयः-

खेरिहा मोड़,समय 05.53 बजे

सक्षिप्त विवरणः-

दिनाँक 21.11.2024 को वादी ओमप्रकाश पुत्र हजारीलाल निवासी ग्राम कोलौहा द्वारा थाना भरतकूप पर सूचना दी कि दिनाँक 20.11.2024 को शाम 08.00 बजे रात को मेरे भाई किशोरीलाल पुत्र हजारीलाल को सर्वेश यादव ग्राम खेरिया अपनी मोटर साइकिल से लेकर बघेलावारी कहकर लाया था फिर उसे शराब पिलाई शराब के नशे में होने पर उसका गला दबाकर हत्या कर दी गयी। सर्वेश यादव पुत्र रामनरेश यादव और सोनू पाण्डेय पुत्र सुदामा पाण्डेय दोनों ने मिलकर मेरे भाई को मारने की साजिश की थी । घटना के सम्बन्ध में थाना भरतकूप पर मु0अ0सं0 173/2024 धारा 103(1),61(2) बीएनएस बनाम सर्वेश यादव,सोनु पाण्डेय उपरोक्त पंजीकृत किया गया। घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा थानाध्यक्ष भरतकूप को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

दिनांक 22.11.2024 को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि साहब आपके मुकदमें में नामजद अभियुक्त सर्वेश यादव जिसकी आप तलाश कर रहे है वह खेरिहा मोड़ पर साधन के इंतजार मे खड़ा है तथा कही जाने की फिराक में है यदि जल्दी किया जाए तो पकड़ा जा सकता है। मुखबिर की इस सूचना थानाध्यक्ष भरतकूप व उनकी टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँच कर आवश्यक बल का प्रयोग करते हुये अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से दिनांक 21.11.24 को मृतक किशोरीलाल की हत्या के संबंध मे कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि मृतक किशोरीलाल पहले बाहर रहता था कुछ समय से यहाँ पर रह रहा था मृतक किशोरीलाल को उसके दुकान में उठने बैठने

व उसकी पत्नी से बातचीत करने को लेकर आपत्ति थी जिसको लेकर दोनों के बीच गाली गलौच मारपीट हुई मारपीट के दौरान सर्वेश ने मृतक किशोरीलाल की गर्दन पर पैर रख दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी है।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.थानाध्यक्ष भरतकूप श्री प्रवीण सिंह

2.आरक्षी सतीश यादव

3.आरक्षी चालक संदीप राजपूत

(6). आज दिनाँक 23.11.2024 को जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी0एन0 एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना रैपुरा में थाना दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान पीआरओ श्री प्रवीण सिंह एवं राजस्व व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(7). आज दिनाँक 23.11.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना मारकुंडी,मानिकपुर में थाना दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु श्री फहद अली, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री दुर्गविजय सिंह ,वरि0उ0नि0 श्री शैलेन्द्र चंद्र पांडेय थाना मारकुंडी एवं राजस्व व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(8). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री मनोज कुमार के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री सुरेंद्र कुमार राय तथा उनके हमराहीगण द्वारा अभियुक्त 1.मयंक गुप्ता पुत्र भौना गुप्ता निवासी सब्जी मंडी कस्बा राजापुर जनपद चित्रकूट 2.गुड्डू उर्फ शमशेर आलम पुत्र शाकिर अली निवासी रूपौलिहन टोला कस्बा राजापुर 3.रतन सोनकर पुत्र रामाश्रय सोनकर निवासी सीओ ऑफिस के पीछे कस्बा राजापुर 4. संजय गोस्वामी पुत्र दिनेश गोस्वामी निवासी रूपोलिहन टोला जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ 1700/- रुपये,52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से 500/- रुपये बरामद किये गये। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

बरामदगीः-

1.मालफड़ 1700/- रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते की गड्डी

2.जामा तलाशी से 500/- रुपये

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1.उ0नि0 श्री सुरेंद्र कुमार राय

2. आरक्षी प्रकाश मिश्रा

3. आरक्षी लवकुश यादव

4. आरक्षी उज्जवल पाण्डेय

(9). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं ब्रिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री आशुतोष तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री शिवमणि मिश्रा व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त कमल निषाद पुत्र राजकुमार निषाद निवासी बहादुर पुर चौकी सीतापुर जनपद

चित्रकूट को 15 अदद टेट्रा पैक मस्तीहू अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सरधुवा पर धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।
गिरफ्तार करने वाली टीम-
1.उ0नि0 श्री शिवमणि मिश्रा थाना सरधुवा
2.आरक्षी अतुल मिश्रा
3.आरक्षी नरेंद्र कुमार
(10). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष बरगढ़ श्री पंकज तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राजेश कुमार यादव व उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0 38/2019 धारा 323,504,325 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त विजय पुत्र श्यामबिहारी निवासी कटैयाडांडी थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किय गया।
गिरफ्तार करने वाली टीम-
1. उ0नि0 श्री राजेश कुमार यादव थाना बरगढ़
2. आरक्षी अखिलेश

(11). आज दिनाँक 23.11.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा थाना मानिकपुर में सर्किल मऊ के समस्त थाना के विवेचकों का अर्दली रूम किया। अर्दली रूम में समस्त विवेचकों से लंबित विवेचना पर विस्तारपूर्वक वार्ता करते हुए विवेचना लंबित रखने का कारण पूछकर गुण दोष के आधार पर विवेचना के शीघ्र निस्तारण करने तथा लम्बित प्रार्थना पत्र,लम्बित एनबीडब्ल्यू,बीडब्ल्यू,नोटिस तामिला एवं वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं महिला सम्बन्धित अपराध में समय से निस्तारण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।
अर्दली रूम के दौरान प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री दुर्ग विजय सिंह,प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री विनोद कुमार राय, थानाध्यक्ष बरगढ़ श्री पंकज तिवारी, पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य विवेचकगण उपस्थित रहे।
(12). आज दिनाँक-23.11.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा थाना मानिकपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई व थाना कार्यालय में रजिस्टरों के उचित रख-रखाव, अद्यावधिक,बंदीगृह,सीसीटीएनएस कार्यालय,प्रभारी निरीक्षक कार्यालय,महिला हेल्प डेस्क एवं नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर को थाना परिसर की साफ सफाई कराने हेतु बताया गया।
निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री दुर्ग विजय सिंह, पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थिति रहें।